**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 25.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना अतर्रा मिशन शक्ति टीम द्वारा 04 वर्षीय गुम हुई बच्ची के परिजनों का पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 25.09.2025 को थाना अतर्रा मिशन शक्ति टीम द्वारा 04 वर्षीय गुम हुई बच्ची के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया । गौरतलब हो कि आज दिनांक 25.09.2025 को मिशन शक्ति टीम थाना अतर्रा द्वारा बाजार क्षेत्र में भ्रमण किया जा रहा था । इसी दौरान टीम को सूचना प्राप्त हुई कि एक बच्ची रोती हुई सुनार गली के पास मिली है, जो अपने माता-पिता से बिछड़ गई है । जिस पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर बच्ची की पहचान व उसके परिजनों की तलाश हेतु आस पास के लोगों से पूछताछ की गई तथा चौक बाजार स्थित माँ दुर्गा पंडाल पर लगे माइक से अनाउंसमेंट भी कराया गया । खोजबीन के दौरान बाजार में एक महिला रोते हुए मिली जिसने स्वयं को नगीना पत्नी इमरान अली निवासी चमरौड़ी जनपद बांदा बताया और अपनी लगभग 04 वर्षीय बच्ची के लापता होने की पुष्टि की । पुलिस द्वारा तत्पश्चात बच्ची को सकुशल उसके माता-पिता को सुपुर्द कर दिया गया । परिजनों द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया ।